## बंजारी मंदिर के पास ट्रक में घुसा ट्राला

*केबिन में फंसा चालक; दोनों वाहन नागपुर से जा रहे थे जबलपुर*



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के छपारा थाना क्षेत्र में बंजारी मंदिर के पास नेशनल हाईवे-44 पर शनिवार रात तेज रफ्तार ट्राला सामने चल रहे ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्राला का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। पुलिस ने रेस्क्यू कर उसे किसी तरह बाहर निकाला।

**टक्कर के बाद केबिन में फंसा चालक-** ट्राला चालक की पहचान विवेक (44) पिता रामचन्द, निवासी गहिरा, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। हादसे के बाद वह क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गया था। सूचना पर पहुंची छपारा पुलिस ने जरूरी सामान की मदद से रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला।

**नागपुर से जबलपुर जा रहे थे दोनों वाहन-** जानकारी के अनुसार दोनों वाहन नागपुर की ओर से जबलपुर की तरफ जा रहे थे। बंजारी मंदिर के पास हाईवे के वन-वे हिस्से में ट्राला आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

**वाहनों की कतार लगी, कुछ देर यातायात थमा-** दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क पर खड़े होने से वन-वे हिस्से में यातायात प्रभावित हुआ। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए आवागमन रोकना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्थित कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू की।

**तेज रफ्तार और दूरी की होगी जांच-** पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता वाहनों की जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के बाद चलेगा। वन-वे हिस्से में भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए स्थानीय लोगों ने रात में पर्याप्त संकेतक, रोशनी और यातायात निगरानी बढ़ाने की जरूरत बताई है।

## सेवा संकल्प में बच्चों ने दिया सेवा का संदेश, योग से सीखा स्वस्थ जीवन का मंत्र

**गोटेगांव, देशबन्धु।** सेवा, संस्कार और स्वस्थ जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर अतरिया में भाषण प्रतियोगिता एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सेवा, समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा आर्य तथा तिघरा की समाजसेवी श्रीमती मनीषा पटेल उपस्थित रहीं। राघवेंद्र आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा केवल किसी जरूरतमंद की सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी सेवा का महत्वपूर्ण स्वरूप है।

## स्कूल में ताला, बच्चे करते रहे शिक्षक का इंतजार

### प्राथमिक शाला ढुलवजा शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल




**छपारा, देशबन्धु।** सिवनी जिले के छपारा जनपद क्षेत्र की प्राथमिक शाला ढुलवजा की लापरवाही सामने आई है जिसने शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ठाकुर प्रभात सिंह औचक निरीक्षण के लिए प्राथमिक शाला ढुलवजा पहुंचे। वहां पहुंचने पर स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ मिला, जबकि स्कूली बच्चे स्कूल के बाहर शिक्षक का इंतजार कर रहे थे। बच्चे यह कहते रहे हैं कि शिक्षक रोजाना करीब 12 बजे स्कूल पहुंचती हैं। बच्चों के इस बयान के बाद ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

**जन शिक्षक ने दी सफाई-** वहीं इस मामले में जब जन शिक्षक से बात की गई तो उनका कहना है कि शिक्षक समय पर स्कूल पहुंच गई थीं और चाबी लेने के लिए रसोइया के घर गई थीं, उसी दौरान स्कूल में ताला लगा हुआ था।

फिलहाल दोनों पक्षों के अलग-अलग बयान सामने आने के बाद अब मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। लेकिन इतना तय है कि इस घटना के बाद क्षेत्र में प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और विभागीय निगरानी को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं।

## सार-समाचार

### इंदौर में राहुल गांधी के गूंज कार्यक्रम का चौरई में किया गया बड़े पर्दे पर प्रसारण

**चौरई, देशबन्धु ।** 19 सितम्बर को इंदौर नगर में छात्र छत्राओं के लिए राहुल गांधी का गूंज कार्यक्रम आयोजित किया गया जंहा हजारों छात्र छात्रओं ने भाग लिया ।उक्त गूंज कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गांधी सभा भवन में स्थानीय विधायक चौधरी सुजीत सिंह एवम कांग्रेस जनों के सौजन्य से बड़े पर्दे पर किया गया जिसमें नगर एवम क्षेत्र के सेंकडो छात्र छात्रओं ने उक्त गूंज कार्यक्रम को देखा इनके अलावा विधायक सहित नगर एवम क्षेत्र के कांग्रेस जनों ने भी सीधा प्रसारण देखा सभी कार्यक्रम से प्रभावित हुए राहुल गांधी का सीधा छात्र छात्रओं से संवाद ने प्रभावित किया उन्होंने किसी की आलोचना नही की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर आंकड़ों के साथ प्रकाश डाला आयोजन को प्रभावी बनाने कांग्रेस परिवार द्वारा चाय नास्ते की भी व्यवस्था की गई। गूंज कार्यक्रम को सुनने चांद एवम बिछुआ से भी छात्र छात्राओं के साथ बरिष्ठ कांग्रेस जनों ने भी भागीदारी की राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को शिक्षित नही करनी चाहती यदि शिक्षित होंगे तो सवाल करेंगे इस कारण वो अंधभक्त ही बनानी चाहती है धर्म एवम जाति के नाम पर लोगो को लड़वानी चाहती है सीधा प्रशासन में फ्रंट पर युवाओं को स्थान दिया गया जबकि विधायक सहित सभी कांग्रेस जन ने पीछे स्थान लिया।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

**सिवनी,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रसायन विज्ञान विभाग में शनिवार को 'कॉलेज जीवन में मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्यार्थियों को तनाव पहचानने और उससे निपटने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मसीह ने अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और संतुलित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना पढ़ाई और निजी जीवन दोनों के लिए जरूरी है। मनोवैज्ञानिक ने तनाव, चिंता, भावनात्मक दबाव पर चर्चा की मुख्य वक्ता आरसीआई पंजीकृत मनोवैज्ञानिक सुश्री पूर्वी मिश्रा ने विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कॉलेज जीवन में तनाव, चिंता, भावनात्मक दबाव और भविष्य को लेकर दुविधा पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तनाव को पूरी तरह खत्म करना हमेशा संभव नहीं होता। तनाव के कारणों को समझकर उससे निपटने की क्षमता विकसित की जा सकती है। नींद और समय प्रबंधन पर दिया जोर पूर्वी मिश्रा ने बताया कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, समय प्रबंधन और शारीरिक गतिविधि तनाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। परिवार और दोस्तों से बातचीत करना तथा अपनी भावनाएं साझा करना भी उपयोगी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगर बेचैनी, उदासी, नींद में बदलाव, पढ़ाई में मन न लगना या सामाजिक गतिविधियों से दूरी जैसी समस्याएं लंबे समय तक रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### विदाई की बेला में भर आया गोटेगांव, स्व. केशर नागेश को श्रद्धासुमन अर्पित



**गोटेगांव,देशबन्धु।** स्व. श्रीमती केशर नागेश के त्रयोदशी संस्कार के अवसर पर रविवार को पारस गार्डन में श्रद्धा, संवेदना और आत्मीयता का माहौल रहा। विधायक महेंद्र नागेश की भाभी एवं श्री सुरेंद्र नागेश की धर्मपत्नी स्व. केशर नागेश को अंतिम श्रद्धासुमन अर्पित करने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार और शुभचिंतक पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. केशर नागेश के सहज, सरल और आत्मीय व्यक्तित्व को स्मरण किया। उनके साथ बिताए आत्मीय पलों और उनकी मधुर स्मृतियों को याद करते हुए लोगों ने नागेश परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस कठिन समय में परिजनों को ढांढस बंधाया।

**स्मृतियों में छलकी आत्मीयता-** त्रयोदशी संस्कार के दौरान पारस गार्डन में वातावरण भावुक रहा। परिचितों और शुभचिंतकों ने स्व. केशर नागेश के मिलनसार स्वभाव एवं सभी के प्रति अपनत्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कई लोगों ने कहा कि उनका सरल और आत्मीय व्यवहार लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बना रहेगा।

**परिजनों को बंधाया ढांढस-** श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## नगरपालिका के पास जर्जर भवन में पढ़ रहे नौनिहाल, हादसे का खतरा

### गोटेगांव की मोती लाल नेहरू प्राथमिक शाला की छत और दीवारें बदहाल, जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ी चिंता



**गोटेगांव,देशबन्धु।** शहर में नगरपालिका कार्यालय के समीप स्थित मोती लाल नेहरू प्राथमिक शाला का भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है। विद्यालय की छत और दीवारों की स्थिति देखकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। भवन की हालत ऐसी है कि किसी भी समय अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है।

विद्यालय की छत जर्जर हो रही है, वहीं दीवारों में भी जगह-जगह टूट-फूट और खराबी दिखाई दे रही है। इसके बावजूद इसी भवन में नौनिहालों की पढ़ाई जारी है। विद्यालय आने वाले बच्चों के अभिभावकों के बीच भी भवन की स्थिति को लेकर चिंता बनी हुई है।

**क्या हादसे के बाद जागेगा विभाग?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर के बीच और नगरपालिका के समीप स्थित विद्यालय के जर्जर भवन की ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान अब तक क्यों नहीं गया। क्या किसी अनहोनी के बाद ही प्रशासन और शिक्षा विभाग की नींद टूटेगी?

बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय भवन का तत्काल निरीक्षण कर जर्जर हिस्सों की मरम्मत अथवा आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की जरूरत है।

अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिलना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**अधिकारियों से कार्रवाई की उम्मीद-** स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से विद्यालय भवन का निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। अब देखना यह है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर विभाग कितनी गंभीरता दिखाता है और जर्जर भवन की समस्या का समाधान कब तक किया जाता है। अभिभावकों ने जिम्मेदारों को इस विषय में ध्यान देने की मांग की हैं।

## साइबर ठगी के शिकार बने पीड़ित को लौटाए ठगे गए 35 लाख रुपए

### पुलिस की बड़ी सफलता-2000 किमी पीछा कर,100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले

**छपारा,देशबन्धु।** साइबर ठगी के एक सनसनीखेज मामले में उच्च छपारा पुलिस ने त्वरित और तकनीकी कार्रवाई करते हुए पीड्ति के 35 लाख रुपये वापस कराने में बड़ी सफलता हासिल की है। ठगी की रकम जिन बैंक खातों में ट्रांसफर हुई थी, उनका पता लगाने के लिए पुलिस टीम को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में करीब 2000 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा तथा 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी पड़ी।

पुलिस के अनुसार छपारा क्षेत्र निवासी वैभव शिवहर अंतर्राष्ट्रीय निर्यात का काम करते हैं। उन्हें बांग्लादेश से 100 टन सुपारी का ऑर्डर मिला था। इसकी आपूर्ति के लिए उन्होंने ऑनलाइन स्थानीय व्यापारियों से संपर्क किया। इसी दौरान सांगली, महाराष्ट्र की बालाजी ट्रेडर्स नामक कंपनी से 100 टन सुपारी 2 करोड़ रुपये में उपलब्ध कराने का सौदा हुआ। सौदे के तहत उन्होंने 35 लाख रुपये एडवांस के रूप में बैंक खाते में जमा किए।

बाद में जब वह नमूना देखने सांगली पहुंचे तो पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बालाजी ट्रेडर्स के नाम से फर्जी तरीके से उनसे संपर्क कर 35 लाख रुपये की ठगी की है। शिकायत पर छपारा थाने में बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

छपारा पुलिस द्वारा की गई तकनीकी जांच में सामने आया कि ठगी की रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। इनमें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में संचालित खाते भी शामिल थे।

पुलिस टीम ने संबंधित बैंकों से संपर्क कर खातों में जमा राशि होल्ड कराई और राशि की निकासी पर रोक लगवाई। वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूरी 35 लाख रुपये की राशि पीड्ति के खाते में वापस ट्रांसफर करा दी गई।

इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी अपूर्व भलावी, थाना प्रभारी निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक मुकेश डेहरिया, भुजवल सिंह प्रजापति सहित पुलिस एवं साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**तेंदूखेड़ा, देशबंधु।** सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से 19 सितंबर को मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने राष्ट्रीय चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से देश के भविष्य को लेकर अपनी कल्पनाओं और विचारों,ह को प्रस्तुत किया हैं। बच्चों की प्रस्तुतियों में उनकी मौलिक सोच और देश के प्रति उनकी भावनाएं दिखाई दीं।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पत्रकार राधाबल्लभ पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता गगन अग्रवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष सुजीत दुबे तथा संस्था प्रबंधक डॉ. प्रकाश जैन सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उनका उत्साह बढ़ाया तथा रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## सिवनी में 500 क्विंटल से अधिक महुआ लाहन नष्ट



**सिवनी,देशबन्धु।** सिवनी शहर के गंज क्षेत्र स्थित कुचबंदिया मोहल्ले में रविवार को पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई की। छह थानों और रक्षित केंद्र के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने मोहल्ले और रेलवे ट्रैक के आसपास एक साथ छापा मारा। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई में करीब 400 डिब्बों में लगभग 500 क्विंटल महुआ लाहन मिला। मौके पर 10 भट्ठियां, करीब 20 ड्रम और शराब बनाने की दूसरी सामग्री भी मिली। पुलिस ने लाहन नष्ट कर दिया और भट्ठियां भी तोड़कर नष्ट कर दीं।

शिकायतों के बाद बनाई गई कार्रवाई की योजना पुलिस के अनुसार, कुचबंदिया मोहल्ले में लंबे समय से कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद रविवार को अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने घरों के आसपास के इलाकों के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे भी तलाशी ली। कार्रवाई में कोतवाली, लखनवाड़ा, डूंडासिवनी, बंडोल, महिला थाना, अजाक थाना और रक्षित केंद्र सिवनी का बल शामिल रहा। सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी पुलिस ने मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत केस दर्ज किया है।

अब पुलिस यह पता लगा रही है कि शराब बनाने का काम कौन लोग कर रहे थे और तैयार शराब की सप्लाई किन इलाकों में की जाती थी। एसपी कृष्ण लाल चंदानी ने रविवार शाम 4:30 बजे कार्रवाई में करीब 500 क्विंटल लाहन मिलने की जानकारी दी।

अवैध कच्ची शराब बनाने से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि बिना मानक के तैयार होने वाली शराब से लोगों की सेहत को भी गंभीर खतरा होता है।

## गांधी वार्ड में गूंजा गणपति बप्पा मोरया, जय अंबे गौरी समिति द्वारा कराया गया विशेष भंडारा

**गोटेगांव,देशबन्धु।** गांधी वार्ड स्थित जय अंबे गौरी दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में सिद्धिविनायक श्री गणेश जी की स्थापना के अवसर पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण के बीच गणपति पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। पंडाल परिसर में दिनभर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष गूंजते रहे। समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और व्यवस्थाओं को संभाला।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था से जोड़ने के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।



**मां खैरापति मंदिर गणेश उत्सव समिति मंगलीपेठ कस्तूरबा सिवनी**



**शनि मंदिर गणेश उत्सव समिति सिवनी**

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 21 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दसवीं, नक्षत्र-उ.षा.**

मेष -आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ -सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन -आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क -किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह -साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या -किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

तुला -आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक -परिजनों के साथ मनदुःख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु -आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर -आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ -आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन -आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

0,5,6,8,00,58,67,88,84,01,14,12